an>

title: Need to establish a Sports University in Rajasthan.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके सामने अपने संसदीय क्षेत्र की एक समस्या रखना चाहता हूं। राजस्थान प्रदेश का खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान रहा है, चाहे वह तीरंदाजी हो, बास्केट बॉल या अन्य खेल हों, मैं आपके माध्यम से माननीय खेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि राजस्थान प्रदेश में एक खेल विश्वविद्यालय की बहुत महती आवश्यकता है। मेरा निवेदन है कि खेल को प्रोत्साहन देने के लिए हमारे प्रदेश में एक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना होनी चाहिए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री देवजी एम. पटेल,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री सी.आर.चौधरी को श्री सुमेधानन्द सरस्वती द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।